चार सालों में सैमसंग, पेटीएम, टीसीएस, माइक्रोसॉफ्ट,अडानी ग्रुप ने किया करोड़ों का निवेश

# नोएडा में 855 निवेशकों ने औद्योगिक भूखंड खरीदे

## रोजगार बढ़ेगा

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

नोएडा में पिछले चार सालों में देश और विदेश के 855 बड़े निवेशकों प्राधिकरण से औद्योगिक प्लाट आवंटित कराए हैं। इसके जरिए ये बड़े निवेशक नोएडा में 20,560 करोड़ रुपये का निवेश कर अपना उद्यम स्थापित कर रहे हैं। इसके जरिए 1,47,703 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा। इनमें सैमसंग, पेटीएम, टीसीएस, माइक्रोसाफ्ट, अडानी ग्रुप, केंट आरओ और हल्दीराम जैसे बड़े निवेशक हैं।

**1.5** लाख के करीब लोगों को मिलेगा इन उद्योगों में रोजगार

औद्योगिक विकास के अधिकारियों के अनुसार सैमसंग कंपनी ने नोएडा में मोबाइल डिस्प्ले यूनिट लगाई है। इसमें 2500 लोगों को रोजगार मिला है। इसी प्रकार पेटीएम ने 302 करोड़ रुपये का निवेश का अपना उद्यम स्थापित किया है। इसमें 15 हजार लोगों को रोजगार मिला है।

आईटी सेक्टर में टीसीएम ने 2300 करोड़ रुपये और मदरसन ग्रुप ने 47 करोड़ रुपये का निवेश नोएडा में किया है। डेटा प्रोसेसिंग के सेक्टर में अडानी ग्रुप ने भी 2500 करोड़ का निवेश करने के लिए 39,146 एकड़ भूमि ली है। बहुराष्ट्रीय माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने भी आईटी सेक्टर में 1000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए 60,000 एकड़ भूमि ली है। इसके अलावा वेस्टवे इलेक्ट्रॉनिक्स, डिक्सन टेक्नोलॉजी, वीवोटेक्स प्रोजेक्ट, रेटो पंप्स लिमिटेड, अग्रवाल एसोसिएट्स, नेप्तुने सिस्टम, एडवर्ब टेक्नालॉजी, सुरभि ग्रुप, आइकिया सलूशन, यूं फ्लेक्स लिमिटेड, केंट आरओ ने भी नोएडा में जमीन ली है।